# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (13.01.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE : 13.01.2025, PAGE-04

# बीआरएबीयू की छात्रा ने प्रस्तुत किया शोधपत्र

मुजफ्फरपुर। बेंगलुरु के इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज में 65वें इंडियन सोसाइटी ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स की ओर से तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। 9 से 11 जनवरी तक चले सम्मेलन में बीआरएबीयू की पीजी अर्थशास्त्र की छात्रा रजनी ने शोधपत्र पेश किया। शीर्षक महिला सशक्तीकरण के व्यापक सूचकांक के माध्यम से भारत में क्षेत्रीय असमानताओं की खोज थी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 13.01.2025, PAGE-04

# विश्वविद्यालय को लोकनृत्य में दूसरा तो मिमिक्री में तीसरा स्थान

**38 वें पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक युवा महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम**

- सांस्कृतिक झांकी में भी टीम ने प्राप्त किया तीसरा स्थान कुलपति ने सभी को दी बधाई
- लोकनृत्य और मिमिक्री के सफल प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अब दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने 38वें पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक युवा महोत्सव 2024-25 में शानदार प्रदर्शन किया। लोकनृत्य विधा में विश्वविद्यालय की टीम ने ओवरआल दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं मिमिक्री में विश्वविद्यालय की टीम को ओवरआल तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

सांस्कृतिक प्रोसेशन में भी टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया है। लोकनृत्य भिखारी ठाकुर के बिदेसिया नाटक पर आधारित था। इसमें प्रतिभागियों ने बिहार के पलायन का दर्द दिखाया। यह लोकनृत्य विरह वेदना के साथ शुरू हुआ और अंत में मिलन के आनंद में बदल गया। अब इस आधार पर लोकनृत्य और मिमिक्री के प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा दिखाएंगे।




युवा महोत्सव में पुरस्कार के साथ बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम • जागरण

प्रतियोगिता का आयोजन तीन से सात मार्च को नोएडा के एमआइटी में होना है। इसका निर्देश जारी किया जा चुका है। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम के बेहतर प्रदर्शन पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय व डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह समेत अन्य ने बधाई दी है।

पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक युवा महोत्सव का आयोजन कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय में आठ से 12 जनवरी तक आयोजित हुआ है। टीम मैनेजर प्रो. इंदुधर झा और डा. महजबीन परवीन ने बताया कि प्रतिभागियों ने सभी विधाओं में बेहतर प्रदर्शन किया। दो और भी विधाओं में टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। मिमिक्री के प्रशिक्षक रहे सुनील फेकनिया और शेखर सुमन ने बच्चों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम में कुल 23 विधाओं में अपना दमखम दिखाया। टीम ने संगीत की छह, नृत्य की दो, नाटक की चार, ललित कला की आठ, साहित्यिक से जुड़ी तीन विधाओं में अपना प्रदर्शन किया। पिछले वर्ष राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम ने दो पदक हासिल किया था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARUPR, DATE: 13.01.2025, PAGE-04

# परीक्षा फार्म के लिए अपार आइडी जरूरी

## बीआरएबीयू के चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर का परीक्षा फार्म नए फार्मेट में

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत थर्ड सेमेस्टर के लिए भरे जाने वाले परीक्षा फार्म में अब विद्यार्थियों को अपना अपार आइडी भरना होगा। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्तर से परीक्षा फार्म का नया फार्मेट तैयार किया जा रहा है। इस आइडी को अनिवार्य किया जा रहा है। अगर छात्र के पास आइडी नहीं होगी तो उसे फार्म भरने से रोके जाने की तैयारी चल रही है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि सभी छात्र-छात्राओं का अपार कार्ड बनाया जा सके।

**परीक्षा फार्म भरते समय होगा कुछ बदलाव :** डिप्टी कंट्रोलर डा. आनंद प्रकाश दूबे ने बताया कि थर्ड सेमेस्टर के लिए जब परीक्षा फार्म भरा जाएगा तो उसमें कुछ बदलाव किए जाएंगे। ऐसा क्रेडिट अपलोड करने के लिए किया गया है। थर्ड सेमेस्टर के रिजल्ट से पहले ही चार वर्षीय स्नातक कोर्स में पिछले वर्ष नामांकित प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का क्रेडिट उनके अपार आइडी पर अपलोड किया जाना है। दूसरी ओर उपस्थिति पत्रक पर भी विद्यार्थियों की तस्वीर होगा। ऐसी तैयारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सत्र 2023 - 27 में नामांकित स्नातक कोर्स के तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा का फार्म अभी भरा जाना है। फार्मेट बदने से छात्रों की अब पूरी जानकारी विस्तार से प्रबंधन के पास मौजूद होगी।

- छात्र-छात्राओं के क्रेडिट को उनके खाते में करना है अपलोड
- छात्र-छात्रओं को फार्म भरते समय लिखना होगा माता-पिता का नाम



### ईमेल की भी जानकारी दर्ज करनी होगी

दूसरी ओर नए फार्मेट वाले फार्म में विद्यार्थियों को अपने माता- पिता का नाम भी लिखना होगा। उन्हें ईमेल की भी जानकारी दर्ज करनी होगी। अब तक भरे जाने वाले फार्म में माता - पिता और अपार कार्ड की जानकारी नहीं देनी होती थी। शिक्षा विभाग की ओर से दिए गए निर्देश के तहत अब विद्यार्थियों के लिए अपार कार्ड होना अनिवार्य है। ऐसे में स्नातक से लेकर पीजी की कक्षाओं में विद्यार्थियो की ओर से अर्जित क्रेडिट को उनके खाते में अपलोड किया जाना है।

## पीजी में नामांकन के लिए आए छह हजार आवेदन, 20 तक पहला फेज

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पिछले छह दिनों में करीब छह हजार से अधिक आवेदन आए हैं। पीजी के सत्र 2024-26 के तहत होने वाली नामांकन प्रक्रिया के लिए अभी आनलाइन आवेदन किया जा रहा है। हिंदी, इतिहास, अर्थशास्त्र, कामर्स, मनोविज्ञान जैसे विषय विद्यार्थियों की पसंद बन रहे हैं। इनमें अधिक आवेदन आए हैं। दूसरी ओर कई विषय जैसे मैथिली, भोजपुरी समेत अन्य विषयों में कम आवेदन आए हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पहले फेज में 20 जनवरी तक नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन होना है। बताया जा रहा है कि इसके बाद भी आवेदन की तिथि बढ़ाई जा सकती है। विश्वविद्यालय के तहत आने वाले कालेजों और पीजी विभागों में करीब 11 हजार से अधिक सीटें हैं। पिछले वर्ष सबसे अधिक विद्यार्थियें ने आर्ट्स विषयों में नामांकन लिया था। इसके बाद साइंस और सबसे कम नामांकन कामर्स संकाय में हुआ था। इसके लिए स्नातक के अंकों के आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से मेरिट लिस्ट जारी होगी।

- सत्र 2024-26 के लिए चल रही आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया
- हिंदी, इतिहास, मनोविज्ञान व कामर्स जैसे विषय बने विद्यार्थियों की पसंद



\

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:13.01.2025, PAGE-04

## तृतीय वर्ष के परिणाम के बाद जुलाई-अगस्त में वर्तमान सत्र में नामांकन

# पीजी में इतिहास इस बार भी सबसे पसंदीदा विषय, छह हजार आये आवेदन

- जूलॉजी, मनोविज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी समेत आधा दर्जन विषयों में विद्यार्थियों की अधिक रुचि



वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सत्र 2024-26 में पीजी के लिए छह हजार से अधिक आवेदन आये हैं. 20 जनवरी तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन होना है. इतिहास इसबार भी सबसे पसंदीदा विषय बना हुआ है. पोर्टल पर प्राप्त कुल 6150 आवेदन प्राप्त हुए हैं. इसमें इतिहास में सबसे अधिक 867 आवेदन प्राप्त हुए हैं. साइंस में जूलॉजी में 667 आवेदन मिला है. मनोविज्ञान, हिंदी, भूगोल, अंग्रेजी, कॉमर्स, भौतिकी, गृह विज्ञान की ओर भी स्टूडेंट्स की रूचि दिखी है. वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स, दर्शनशास्त्र, मैथिली, संस्कृत, भोजपुरी जैसे विषयों में आवेदन की संख्या काफी कम है. इस बार करीब 18 से 20 हजार आवेदन आने का अनुमान है. 11 हजार से अधि सीटों पर नामांकन के लिए आवेदन लिया जा रहा है. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि 20 जनवरी तक आवेदन लेने के बाद स्नातक के अंकों के आधार पर ही मेधा सूची जारी की जाएगी. जनवरी में ही नामांकन की प्रक्रिया पूरी करते हुए फरवरी से कक्षाओं का संचालन शुरू करने की योजना है. इस वर्ष पीजी के दो सत्रों में नामांकन लिया जाना है. स्नातक 2022-25 सत्र के तृतीय वर्ष का परिणाम जारी होते ही सत्र 2025-27 के लिए नामांकन की प्रक्रिया जुलाई अगस्त में होने की उम्मीद है.

## स्नातक का परीक्षा फॉर्म भरने में अपार आइडी जरूरी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय मे स्नातक तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने के दौरान अपार आइडी अनिवार्य कर दिया है. यानि बिना अपार आइडी के छात्र-छात्राएं परीक्षा मे शामिल नहीं हो सकेंगे. शिक्षा विभाग की ओर से अपार आइडी बनाने को लेकर लगातार सख्ती बरती जा रही है. सभी छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से अपार आइडी बनाना है. इसी पर उनका परिणाम दिखेगा. इसके साथ ही नये सत्र मे दाखिला लेने वाले सभी स्टूडेंट्स को भी अपार आइडी बनवाने का निर्देश दिया गया है. कॉलेजों को भी निर्देश दिया गया है कि वे छात्र-छात्राओं को अपार आइडी बनवाने के लिए प्रोत्साहित करें. अब विश्वविद्यालय की ओर से परिणाम जारी करने के साथ ही उसे अपार आइडी पर भी अपलोड किया जाएगा. इसपर छात्र-छात्राओं का क्रेडिट दिखेगा. साथ ही फाइनल रिजल्ट के बाद प्रोविजनल से लेकर अन्य प्रमाणपत्र भी इसी पोर्टल के माध्यम से मिल जाएगा. बता दें कि आधार कार्ड की मदद से अपार आइडी आसानी से क्रिएट हो जाता है. ऐसे मे कॉलेजों को कहा गया है कि यदि छात्रों को अपार आइडी क्रिएट करने मे असुविधा हो रही है तो उसमे उनका सहयोग करें.

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 13.01.2025, PAGE-04

# रजनी ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया शोध पत्र



**मुजफ्फरपुर**. बेंगलुरु के इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज में 65वें इंडियन सोसाइटी ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स द्वारा तीन दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन किया गया था. इसके तकनीकी सत्र में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर अर्थशस्त्र विभाग की शोध छात्रा रजनी ने शोध-पत्र प्रस्तुत किया. इसका शीर्षक है महिला सशक्तिकरण के व्यापक सूचकांक के माध्यम से भारत में क्षेत्रीय असमानताओं की खोज था.

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATEL13.01.2025, PAGE-04

# पिया गइले कलकतवा...विरह और मिलन के संगम ने जीता दिल

- इस्ट जोन सांस्कृतिक महोत्सव में नृत्य व मिमिक्री में बीआरएबीयू का शानदार प्रदर्शन
- मार्च में एमआइटी नोएडा में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेगी नृत्य व मिमिक्री टीम

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

ना अइले, पिया ना अइले, पिया ना अइले, पिया गइले कलकतवा ना अइले... लोकगीत की इन पंक्तियों के गायन के साथ जब बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने लोकनृत्य की प्रस्तुति दी तो हर कोई मुग्ध हो गया. मौका था कोलकाता के सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय में 38वें पूर्वी प्रक्षेत्र सांस्कृतिक युवा महोत्सव-2024-25 का. इसमें बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम ने बिहार के प्रसिद्ध लोक गायब और रचनाकार भिखारी ठाकुर रचित बिदेशिया लोकगीत पर आधारित लोकनृत्य विरह की प्रस्तुति दी. इसमें छात्र-छात्राओं बिहार में बेरोजगारी और पलायन के दर्द को दिखाते हुए गीत की शुरुआत होती है. कमाने के लिए पति परदेश जाते हैं और विरह में शुरु हुआ यह लोकगीत मिलन की आस में समाप्त होता है. इस प्रस्तुति की तमाम लोगों ने सराहना की. जब समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का परिणाम जारी हुआ तो बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की टीम दूसरे स्थान पर रही. नृत्य विधा के ओवरऑल कैटेगरी में बीआरएबीयू को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ. नाट्य विधा के मिमिक्री कैटेगरी में तृतीय पुरस्कार मिला. सांस्कृतिक प्रोसेशन में बीआरएबीयू को द्वितीय पुरस्कार मिला. टीम मैनेजर प्रो.इंदुधर झा और डॉ महजबीन परवीन से बताया कि बीआरएबीयू का प्रदर्शन शानदार रहा. इंस्टॉलेशन में चौथे और ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में बीआरएबीयू पांचवें स्थान पर रही. उन्होंने टीम के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की. नृत्य का निर्देशन कर रहीं डॉ पयोली और प्रशिक्षक डॉ शिव शंकर मिश्र ने द्वितीय विजेता बनने पर छात्र-छात्राओं को बधाई दी. मिमिक्री के प्रशिक्षक रहे सुनील फेकनिया और शेखर सुमन ने बच्चों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया. विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र राय ने टीम की सफलता पर खुशी जाहिर की. कहा कि छात्राओं ने इस्ट जोन में शानदार प्रदर्शन किया है. अब यह क्रम आगे भी जारी रहे. इसको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा. अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि बीआरएबीयू की टीम अब 3 से 7 मार्च तक एमआइटी नोएडा में आयोजित होनेवाले नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेगी. प्रो. इंदुधर झा ने बताया कि नेशनल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए नृत्य से 16 और मिमिक्री से एक प्रतिभागी जाएंगे. इसको लेकर विश्वविद्यालय स्तर पर इन्हें और बेहतर तरीक से तैयार किया जाएगा.



विवि में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार.

**Ref:.....................** **Date:...........................**

VISHWA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR, DATE: 13.01.2025, PAGE-02

# राष्ट्र निर्माण में युवतियों की भूमिका





सुप्रभात शांडिल्य (विश्व गुरु भारत)

पटना। बिहार विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में आज राष्ट्र निर्माण में युवतियों की भूमिका शीर्षक से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जो कि विश्वमांगल्य छात्र सभा के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. श्रुति देशपांडे ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. देशपांडे ने महिलाओं के राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि किस प्रकार महिलाओं राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने उपस्थित छात्राओं से अपील की कि वे अपने देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें और नेतृत्व क्षमता के विकास पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति का संचार करने के साथ-साथ भारतीय नागरिक के रूप में एक आदर्श व्यक्तित्व विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना था कि एक सशक्त समाज की रचना तभी संभव है जब हम अपने कर्तव्यों को समझे और निभाएं साथ ही अपनी संस्कृति से जुड़े रहें। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ. विदिशा मिश्रा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. डॉ. पुष्पा कुमारी ने दिया। इस अवसर पर सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने कार्यक्रम से प्रेरणा ली और अपने नेतृत्व कौशल को सशक्त बनाने तथा राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।